कार्यालय देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय, तेलीखेड़ा पं0स0 सुवाणा जिला भीलवाड़ा (राज0)

क्रमांकः देनाराबाआवि/तेलीखेड़ा/स्था/2018/324　　　　　　दिनांकः 13 सितम्बर 2018

निविदा सूचना 02/2018–19

राजस्थान रेजीडेन्सीयल एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट्स सोसायटी (राईस) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के नियंत्रणाधीन संचालित आवासीय विद्यालय, तेलीखेड़ा में सत्र 2018–19 में छात्रावास एवं विद्यालय संचालन के लिये राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 व 2013 के अन्तर्गत सेवाओं एंव सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मों /ठेकेदारों से बन्द लिफाफों में निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मों /ठेकेदारों द्वारा निविदा प्रपत्र निविदा जारी होने की तिथि से कार्यालय समय प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक दिनांक 24.09.2018 को प्रातः 9 बजे तक निविदा आवेदन पत्र एवं शर्तें क्रय कर उसी दिन प्रातः 10.00 बजे तक प्रधानाचार्य कक्ष में जमा करा सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात् निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्राप्त निविदायें दिनांक 24.09..2018 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र. स.	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (लाखो में)	निविदा प्रतिभूति राशि(रूपयें)	निविदा प्रपत्र शुल्क(रूपयें)
1.	स्टेशनरी	3.90	7800	200
2.	धुलाई	0.75	1500	200

नियम एवं शर्तें:

1 निविदा निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जायेगी। प्रत्येक लिफाफे पर मोटे एवं स्पष्ट अक्षरों में निविदादाता/फर्म का नाम, पता एवं कार्य/सामग्री का उल्लेख करना होगा।

2 (1) निविदा प्रपत्र के साथ 200 रू0 की रसीद (2) धरोहर राशि का डीडी /बैंकर चैक **Principal, Devnarayan Govt.Girls Resi. School Telikhera Suwana, Bhilwara** के पक्ष में देय हो । (3) आयकर विभाग का पैन कार्ड (4) सर्विस टेक्स/ जीएसटी/TIN NO का पंजीयन प्रमाण पत्र एंव कार्यानुभव प्रमाण–पत्र (गत वर्षो का) का प्रस्तुत करना होगा।

3 निविदा खोलने की दिनांक को यदि राजकीय अवकाश हो तो उक्त दिनांक को खोली जाने वाली निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

4 कार्य की अन्य शर्तें व नियम कार्य दिवस में प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक देखी जा सकती है।

5 सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

6 डाक से भेजी गयी निविदायें मान्य नहीं होगी ।

7 सामान्य वित्त व लेखा नियम/राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012/लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 की समस्त शर्त व राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी समस्त निर्देश मान्य होंगे।

नोटः निविदादाता को तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा को पृथक–पृथक लिफाफों में सील बंद कर डालना होगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी, तकनीकी निविदा में असफल निविदादाता की वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त निविदा विभागीय वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्रधानाचार्य
देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय
तेलीखेड़ा, पं0स0 सुवाणा